उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों के रिक्त पद

321. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन उच्च न्यायालयों में अस्थायी मुख्य न्यायाधीश कार्य कर रहे हैं और कब से तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ख) स्थायी मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियां कब तक कर दिये जाने की संभावना है ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) और (ख) तारीख 22-2-1988 को, निम्नलिखित उच्च न्यायालयों में प्रत्येक के सामने दर्शाई गई तारीखों को मुख्य न्यायमूर्तियों के पद रिक्त थे :—

1. इलाहाबाद	16-7-1987
2. पटना	2-1-1988
3. मध्य प्रदेश	18-1-1988
4. आन्ध्र प्रदेश	2-2-1988

उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायमूर्तियों की नियुक्ति में संबंधित सांविधानिक प्राधिकारियों के साथ परामर्श से विचार-विमर्श अंतर्वलित है। यह बताना संभव नहीं है कि इन उच्च न्यायालयों में कब तक स्थायी मुख्य न्यायमूर्तियों की नियुक्ति की जा सकेगी ।

उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के रिक्त पद

322. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के कितने पद रिक्त हैं और वे कब से रिक्त पड़े हैं ; और

(ख) इन पदों के भरे जाने में विलम्ब के क्या कारण हैं और इन पदों पर कब तक नियुक्तियां कर ली जाएंगी ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) और (ख) तारीख 22-2-1988 को उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के 9 पद रिक्त थे। इनमें से 8 पद तारीख 9-5-86 को तब रिक्त हुए थे जब उच्चतम न्यायालय की स्वीकृत संख्या 18 से बढ़ाकर 26 की गई थी और नवीं रिक्त तारीख 25-9-87 को होने वाली सेवानिवृत्ति से हुई ।

इन पदों को भरे जाने का समय बताना संभव नहीं है । न्यायाधीशों के चयन में भारत के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से विचार-विमर्श करना अन्तर्वलित है ; इसमें समय लगता है क्योंकि प्रयास सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्तियों को न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करने का रहता है ।

Repression of Palestinians by Israel

323. SHRIMATI KRISHNA KAUL: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state;

(a) whether Government are aware of the repression of Palestinians by Israel for the last two months;

(b) whether Government have raised the matter in the U.N. and other International Forums, if so, the outcome thereof; and

(c) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Government have strongly condemned Israeli atrocities against the Palestinian inhabitants of the occupied tertories during the United Nations Security